Central share of the Calamity Relief Fund of Mizoram to enable the Stute Government to undertake relief measures in the wake of natural calamities.

(b) As per the existing scheme of financing relief expenditure, the Central Government is to release an amount of Rs. 75.00 lakhs as its share of State Calamity Relief Fund during 1992-93.

महाराष्ट्र में मराठवाड़ा क्षेत्र में गांव

2528. **डा० बापू कालदाते :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र के 99 प्रतिशत गांवों को अभावग्रस्त घोषित किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा मराठवाड़ा के किसानों को इस स्थिति का सामना करने के लिए क्या सहायता प्रदान की जा रही है ;

(ग) महाराष्ट्र सरकार द्वारा केन्द्र से किस-किस प्रकार की सहायता मांगी गयी है ; और

(घ) महाराष्ट्र को उन मांगों का ब्यौरा क्या है जिन्हें सरकार पूरा करने का विचार रखती है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन) : (क) और (ख) राज्य सरकार से सूचना एकत्र की जा रही है।

(ग) और (घ) सूखे की परिस्थितियों में राहत उपायों पर व्यय को वहन करने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने 1991-92 के दौरान 576.58 करोड़ रुपये तथा 1992-93 के दौरान 212.83 करोड़ रुपये की अतिरिक्त सहायता की मांग करते हुए एक ज्ञापन प्रस्तुत किया है । प्राकृतिक आपदाओं की हालत में राहत व्यय के वित्त पोषण को वर्तमान स्कीम के संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि राज्य को कोई अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता देने की आवश्यकता नहीं है ।

Drought in Rajasthan

2529. SHRI SANTOSH BAGRO-DIA: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) what is the total amount re quested by the Government of Raj asthan to meet the drought and what is the amount sanctioned by the Cen. tral Government so far and on what basis; and

(b) whether Government plan to decide special norms for allocation of funds for natural calamities like drought in Rajasthan?

THE MINISTER OP STATE IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI MULLAPPALLY RAMACHANDRAN) (a) The Central Government has not received any memorandum from Government of Rajasthan seeking additional Central Assistance, over and above provisions of the Calamity Relief Fund, for relief measures in the wake of drought condition in the State.

(b) No, Sir.

कृषकों की दशा में सुधार लाने के लिए योजनाएं

2530. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय कृषकों की दशा में सुधार लाने के लिए सरकार की क्या-क्या योजनाएं हैं; और

(ख) उनका ब्यौरा क्या है ?

कृषि मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचंद्रन) : (क) और (ख) किसानों की स्थितियों में सुधार लाने और कृषि उत्पादन में वृद्धि करने के लिये राज्य सरकारों के प्रयासों में उनको सहायता हेतु केन्द्रीय सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही महत्वपूर्ण योजनायें निम्नलिखित के बारे में हैं :-